डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 139 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 04 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया



जाट समाजजनों ने दिया पुलिस कप्तान के नाम ज्ञापन...

## युवक की मौत मामले में बर्खास्त आरक्षक और दोस्त पर आरोप, जांच की मांग

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कालाभाटा डेम से एक युवक की लाश मिलने के मामले में सोमवार को नया मोड़ आया। मृतक के परिजनों ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने 01 मार्च को स्थानीय लोगों की सूचना पर काला भाटा डेम से शव बरामद किया था। मृतक की पहचान बादरी निवासी तरुण पिता रविंद्र चौधरी जाट के रूप में हुई। तरुण 26 फरवरी से लापता था। परिजनों ने 27 फरवरी को शहर कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पुलिस इस मामले को सुसाइड या हादसा मान रही थी। लेकिन, सोमवार को परिजनों के साथ समाजजनो ने पुलिस कप्तान को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तरुण अच्छा तैराक था। ऐसे में डूबने से उसकी मौत नहीं हो सकती। परिजनों ने तरुण के साथ रहने वाले दो लोगों पर शक जताया है। इसमें एक बर्खास्त सिपाही है। दोनों महंगी लक्जरी गाड़ियों में घूमते हैं। उन्होंने पुलिस कप्तान से मामले की गहन जांच और दोनों संदेहियो से पूछताछ की मांग की है।

### फरार आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में 08 वर्ष से फरार वारंटी को राजस्थान से गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। नाहरगढ टीआई प्रभात गौड़ ने बताया 2 मार्च 2025 से एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में केसुन्दा (छोटीसादड़ी) निवासी गोविन्द (32) पिता प्रभुलाल बावरी फरार है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस विशेष न्यायाधीश जितेन्द्रकुमार बाजोलिया ने स्थाई वारंट जारी किया था। आरोपी को नाहरगढ़ पुलिस ने केसुन्दा से गिरफ्तार कर लिया, जिसे कोर्ट में पेश करने पर जेल भेजने के आदेश हुए।







# स्पांसरशीप योजना बनी छलावा

## 1200 से ज्यादा आवेदन, लाभ सिर्फ 34 को

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिन बच्चों के माता या पिता का साया सिर से उठ चुका है, उनकी जिंदगी की राह में शुरुआत से ही संघर्षो का रोड़ा तैयार हो जाता है। जिंदगी के इस संघर्ष में बच्चे की मदद के लिए स्पांसरशीप योजना चलाई गई है। लेकिन, यह योजना सिर्फ छलावा ही साबित हो रही है। बारह सौ से अधिक आवेदन महिला बाल विकास विभाग के पास योजना के तहत आए, लेकिन लाभ सिर्फ 34 को ही मिला। इसी से इस योजना की धरातल पर स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। बता दे कि जिन बच्चों के सिर से माता या पिता का साया जल्दी उठ जाता है, ऐसे बच्चे जो स्पेशल कैटेगरी (निर्धन व विषम परिस्थिति वाले) के हैं। इनके माता-पिता या इनमें से कोई एक अब दुनिया में नहीं है। परिवार में संरक्षक की सालाना आय भी 72 हजार रुपए से कम है। ऐसे बच्चों के 18 साल का होने तक परिवार को आर्थिक मदद के लिए शासन ने स्पांसरशिप योजना चला रखी है।

### चार हजार रुपए प्रतिमाह दी जाती है राशि...

इस योजना के तहत अटैंडर को 4 हजार रुपए प्रतिमाह राशि दी जाती है। मंदसौर में महिला बाल विकास विभाग के पास इस योजना के तहत 1210 आवेदन आ चुके हैं। लेकिन, विभाग ने 34 बच्चों को ही अब तक स्पेशल माना है। बचे हुए सभी आवेदन सालों से विभागीय जांच में अटके हुए हैं। यानी कुल आवेदन संख्या के 05 फीसदी को भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामला विधानसभा में भी उठ चुका है। जिले केवल 34 बच्चे ही पात्रता में हैं। इसमें मल्हारगढ के 17, गरोठ के 06, मंदसौर के 05, सुवासरा के 06 ही नाम शामिल हैं।

### 18 साल तक पालन-पोषण के लिए देते हैं राशि...

दरअसल योजना में राशि पालन-पोषण के लिए दी जाती है। परिवार की सालाना आय 72 हजार से कम हो। परिवार में किसी के पास 4 व्हीलर न हो। जो मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना की पात्रता में नहीं आते, उन्हें इस योजना का पात्र माना जाता है। संबंधित बच्चे, रिश्तेदार (संरक्षक) के संयुक्त खाते में राशि जमा करवाई जाती है। हर साल मॉनिटरिंग की जाती है। आर्थिक स्थिति में सुधार न होने की स्थिति में हर साल योजना का इजाफा होता है। 18 साल की उम्र तक ये सुविधा मिलती है।

### विस में उठ चुका है मामला, यह कहा प्रभारी मंत्री ने...

यह मामला विधानसभा में भी उठ चुका है। दिसंबर 2024 में विस में लगे प्रश्न के जवाब में महिला बाल विकास विभाग मंत्री एवं मंदसौर जिला प्रभारी मंत्री ने जवाब दिया था कि स्पांसरशिप योजना में जिले से 34 पात्रों को योजना में लाभ दिया जा रहा। कुल 1210 आवेदन मिले हैं। तहसीलवार जानकारी ली गई है। केंद्र सरकार से बजट आने पर संबंधितों तक राशि पहुंचाई जाती है। लाभ कब तक मिलेगा ये बताना संभव नहीं है।

मामला बगैर अनुमति नपा सीएमओ द्वारा बुगलिया केनाल के किनारे रोड़ बनाने का...

# पेड़ काटने का जुर्माना नपा में जमा कराया

**पुलिस कालोनी के नुकसानी का आकलन नहीं हुआ, एप्रोच रोड़ से मटेरियल हटाने और गड्ढे खोदने की जांच तहसीलदार से कराएंगे**

## इंजीनियर की एक वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव उपसंचालक नगरीय निकाय उज्जैन को भेजा



**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब को भरने वाली बुगलिया केनाल को बंद करने के षड़यंत्र के तहत केनाल से लगती एप्रोच रोड़ बनाने को लेकर नगर पालिका सीएमओ प्रशासन के रेडार पर है। शहर की आम जनता भी चाहती है कि तेलिया तालाब के मर्डर करने की मंशा रखने वाले आरोपी सीएमओ पर कठोर कार्यवाही हो। सोमवार को एक बार फिर नपा सीएमओ ने उपस्थित होकर बताया कि वे सभी बिंदुओ पर कार्यवाही कर चुके है। हरे पेड़ काटने के मामले में जुर्माना नगर पालिका में 10 हजार रूपए जमा कराए जा चुके है। आरोपी इंजीनियर की एक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोकने के लिए प्रस्ताव उपसंचालक नगरीय निकाय उज्जैन को भेज दिया गया है। इधर पुलिस कॉलोनी में हुए नुकसान जुर्माना कितना जमा करना है, यह तय करने के लिए पुलिस कप्तान कार्यालय से जानकारी मांगी गई है। मामले में अब अगली तारीख 10 मार्च सोमवार लगी है।

बता दें कि आरटीओ तक सर्विस लेन की मांग लंबे समय से हो रही थी। वह तो आज तक बना नहीं है। लेकिन, बगैर टेंडर और किसी अन्य कार्यवाही के पुलिस कॉलोनी से होकर जाने वाला अवैध एप्रोच रोड़ बनाना अब नगर पालिका सीएमओ को महंगा पड़ रहा है। हालांकि, कलेक्टर के आदेश के बाद उन्होंने औपचारिकता दिखाते हुए पहले नए एप्रोच रोड़ को खुर्द बुर्द करन की फोटो डलवाई थी। जिससे कलेक्टर असंतुष्ट दिखी थी। जिसके बाद अवैध एप्रोच रोड़ से मटेरियल उठाने और वहां गड्ढे करने को कहा गया था। इस बार फिर तारीख से पहले यह दर्शाया गया कि मटेरियल हटाकर गड्ढे कर दिए गए है। लेकिन, मौके पर कुछ भी नहीं किया गया था। यह जानकारी कलेक्टर को भी संज्ञान में थी, इसलिए कहा गया है कि तहसीलदार से स्थल निरीक्षण कराकर रिपोर्ट तलब की गई है।

बता दें कि इस एप्रोच मार्ग से बिजली के खंबे शिफ्टिंग करने के लिए तीन पोल भी यहां रखाए गए थे। यह भी जांच का विषय है कि एमपीईबी में पोल शिफ्टिंग के लिए आवेदन और डिमांड नोट भी जारी कराया गया था। इस मामले में सीधे-सीधे नगर पालिका सीएमओ शामिल दिखाई दे रहे है। लेकिन, वे आरोप अपने मातहतो पर लगा रहे है। उन्हें ही सजा का भागीदार बनाने का प्रयास कर रहेहै।

उल्लेखनीय है कि एप्रोच रोड़ जिस केनाल पर बनाया गया है, वहां 30 फीट तक किसी तरह का निर्माण अर्थात सड़क या अन्य कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है। लेकिन, पहले तो केनाल से लगती हुई मेडिकल कालेज की बाउंड्री बना दी गई और अब केनाल से लगती पगडंडी पर करीब 60 फीट चौड़ी रोड़ बनाने की कवायद की गई, वह भी बगैर किसी सक्षम अनुमति या योजना स्वीकृति के। अब अगली तारीख पर नपा सीएमओ सुधीरसिंह क्या नया राग लेकर पहुंचते है। यह देखना होगा?



# खेत में अवैध रूप से उगा रखी थी अफीम और गांजे की फसल, एक गिरफ्तार

## सवा चार क्विंटल मादक पदार्थ जप्त

**मनासा, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कुकड़ेश्वर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कारवाई करते हुए ग्राम शिवपुरिया के जंगल में एक किसान के खेत से 424.5 किलोग्राम अवैध अफीम और गांजे की फसल जप्त की है। इस मामले में रोडीलाल पिता सोजी बंजारा उम्र 50 वर्ष निवासी शिवपुरिया चक्कीवाला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अवैध रूप से उगाया गया था नशा...

मुखबीर सूचना पर 02 मार्च 2025 को पुलिस टीम ने शिवपुरिया चक्कीवाला के जंगल में छापेमारी की। आरोपी रोडीलाल ने अपने रायडे के खेत में अफीम और गांजे की अवैध फसल उगा रखी थी। पुलिस ने मौके से 1 किलो 600 ग्राम अफीम, 280.5 किलोग्राम अफीम के डोडे एवं 144 किलोग्राम गांजे के पौधे जब्त किए। मामले में आरोपी रोडीलाल के खिलाफ धारा 8/15, 8/18, 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# गांधी सागर के जल से बुझेगी 915 गांवों की प्यास

## अगले माह होगी टेस्टिंग, 30 प्रतिशत कार्य शेष

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** साल के अंत तक गांधी सागर बांध के केचमेंट एरिये में जमा पानी मंदसौर-नीमच जिले के 915 गांवों की प्यास बुझाएगा। गांधी सागर पेयजल समूह योजना-2 का काम 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अप्रैल में टेस्टिंग शुरु करने का दावा अधिकारियों ने किया है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में अब तक डाली गई पेयजल लाइन की टेस्टिंग शुरू करने की बात कही जा रही हैं। यह 225 गांवों में की जाएगी। इससे जून-जुलाई तक स्थायी पंप हाउस तैयार होने के साथ-साथ पाइप लाइन की टेस्टिंग भी पूर्ण कर ली जाएगी।

### वन विभाग की हां का इंतजार...

गांधीसागर डेम बनाने के 63 साल बाद नीमच -मंदसौर जिले की जनता को पर्याप्त पीने का पानी देने के लिए गांधीसागर पेयजल योजना-2 स्वीकृत हुई है। करीब 1400 करोड़ रुपए खर्च कर दोनों जिले की जनता को नल से जल मुहैया कराया जाना है। काम 3 साल पहले दिलीप बिल्डकॉन कंपनी ने शुरु किया। इसमें 6 हजार 500 किमी लंबी पाइप लाइन डलना है। 06 हजार किमी लाईन डाल चुके हैं। शेष 500 किमी में से 157 किमी पाइप लाइन वन विभाग की जमीन पर होने से रुकी है। इसके लिए विभाग ने कई बार पत्र भी लिखे। 02 बार भारत सरकार की बैठक भी हो चुकी है। लेकिन, अनुमति पर कोई विचार नहीं हुआ। विभाग का मानना है कि इसी महीने फिर बैठक होना है, जिसमें अनुमति मिलने की संभावना है। वन विभाग की जमीन पर 10 अलग-अलग टुकडों में पाइप लाइन डालना है। इसमें रामपुरा व जावद का एरिया शामिल है।

### पांच टंकियों का काम बाकी...

अधिकारियों ने इंटकवेल निर्माण का निरीक्षण कर जायजा लिया। निर्माण एजेंसी को तेजी लाने के निर्देश दिए। योजना में नीमच के 696 और मंदसौर के 269 गांव शामिल हैं। वहीं 317 पानी की टंकियां बनना हैं। इनमें से 312 का काम लगभग पूरा होने को है। जबकि, पांच टंकियो का काम अभी शेष है।

### दो झोन में होगी टेस्टिंग...

योजना में शामिल नीमच-मंदसौर जिले के 915 गांवों में पानी पहुंचाने के लिए विभाग ने इनको 10 झोन में बांटा है। अप्रैल में टेस्टिंग शुरुआती तौर पर 02 झोन में होगी। इसमें खिमला क्षेत्र जहां पंप हाउस बन रहा है, उसके तहत 125 से अधिक गांव शामिल हैं। वहीं झोन-02 में आमद क्षेत्र के 100 गांव हैं। जोन 03 जो जावद क्षेत्र के डीकेन-दड़ौली आदि है, यहां पर समय लगेगा। ये एरिया वन विभाग में होने के कारण पाइप लाइन डालना भी बाकी है। झोन-4 मनासा क्षेत्र में है।

### इनका कहना...

अप्रैल के पहले सप्ताह में पानी की टेस्टिंग शुरु कर देंगे। स्थायी पंप हाउस का काम इसी माह पूरा हो जाएगा। वन विभाग से अनुमति अगली बैठक में मिलने की संभावना है।

**जीतेंद्रसिंह राणावत**
**जीएम, जल निगम**

# डोडाचूरा समेत हरियाणा का युवक गिरफ्तार

**डोडाचूरा देने वाले नीमच व पिपलियामंडी के आरोपी फरार**

**पिपलियामंडी, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस। डोडाचूरा खरीदने आए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिसे कोर्ट ने दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा है। आरोपी को डोडाचूरा देने वाले दो आरोपियों को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है, जो फरार है। जानकारी के अनुसार पिपलिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खात्याखेड़ी मार्ग पर बालाजी मंदिर के निकट एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास बेग से करीब 12 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ।**

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बेगू रोड, सिरसा, हरियाणा निवासी विक्की (26) पिता सुखदेव सोनी होना बताई। पुलिस ने आरोपी से डोडाचूरा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त डोडाचूरा सगरग्राम (नीमच) निवासी विवान उर्फ गोलू चौहान व पिपलियामंडी निवासी बिट्टू से लेना बताया। पिपलियामंडी टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया आरोपी को डोडाचूचरा देने वाले विवान उर्फ गोलू व बिट्टू को भी एनडीपीएस एक्ट में आरोपी बनाया है, दोनों फिलहाल फरार है। वहीं गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया, जिसे दो दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। आरोपी से पूछताछ जारी है।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर मध्यमिक विद्यालय

केशवनगर, अभिनन्दन नगर, मंदसौर जिला मंदसौर
(प्रो. राजेंद्रसिंह शिक्षण समिति द्वारा संचालित)

**विज्ञप्ति**

| पद | शैक्षणिक योग्यता | विषय |
| --- | --- | --- |
| PGT | स्नातकोत्तर उपाधि + बी.एड. अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता | हिंदी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन, जीव-विज्ञान, बिजनेस स्टडी, अर्थशास्त्र , अकाउंटेंसी, कृषि गणित |
| TGT | स्नातक उपाधि + बी.एड. अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता | हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सा.विज्ञान |
| PRT | स्नातक उपाधि + डी.एड./डी.एल.एड. अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता | समस्त विषय ( अंग्रेजी माध्यम ) |
| NET | स्नातक / डिप्लोमा संबंधित विषय में अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता | आर्ट एंड क्रॉफ्ट ,संगीत, कंप्यूटर शिक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट , |
| MTS | मिडिल /हायर सेकेंडरी (अनुभव एवं समस्त अहर्ता ) | सेवक/सेविका, चालक ,परिचालक (महिला /पुरुष ) |

ध्यान दीजिये :-

1. आचार्य आवेदन फार्म विद्यालयीन कार्यालय समय प्रात: 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक 200/- रु. शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है |
2. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 तक |
3. लिखित परीक्षा व साक्षात्कार की प्रावीण्यता के आधार पर ही चयन होगा |
4. आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज लगाना अनिवार्य है |
5. वेतन व वेतनमान पद एवं योग्यतानुसार देय रहेगा, जो साक्षात्कार के समय निर्धारित किया जायेगा |
6. CBSE विद्यालय से सेकेंडरी / सीनि. सेकेंडरी व CBSE विद्यालय में शिक्षण अनुभव होने पर पृथक से मानदेय होगा |
7. भविष्य निधि , कर्मचारी राज्य बिमा एवं आचार्य सुरक्षा न्यास योजना लागु |
8. प्रवेश प्रारंभ कक्षा प्री – नर्सरी से द्वादश तक |

(नियम व शर्ते लागु)

Contact: 07422-405520, 9009050406,7999948464 |

(सचिव/व्यवस्थापक)

# कांग्रेस संगठन चुनाव में आया ठहराव भविष्य के लिए नुकसान दायक साबित होगा...

**मंदसौर/उज्जैन, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र राज्य विधानसभा और बीते कुछ राज्यों में पहले से जीतते नजर आने वाले चुनाव हारने के बाद कांग्रेस संगठन के शीर्ष नेताओं ने संगठन की सर्जरी कर नए युवाओं का ऊर्जावान संगठन बनाने का दावा केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में किया था। शुरुआत भी हुई एक दर्जन महासचिव प्रदेश प्रभारी में बदलाव कर। इसी बीच सांसद शशि थरूर का मामला गरमा गया। कांग्रेस संगठन से ताकतवर आवाज आई थी कि कोई भी नेता किसी भी पद स्तर का हो अनुशासनहीनता करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्रवाइयों के लिए तैयार रहे। शशि थरूर से यह आवाज टकराकर वापस कांग्रेस हाईकमान तक पहुंच चुकी है। केरल राज्य के विधानसभा चुनाव तैयारी के लिए मैराथन बैठक चली। इसमें शशि थरूर भी शामिल हुए थे, वातावरण सामान्य हो गया। कांग्रेस संगठन का हाई कमान एक विशेष अदा से ग्रसित है। केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में जो संगठन के आमूल चूल परिवर्तन का हल्ला बोल आव्हान किया था। उसकी एक झलक दिखाकर दर्जन पर पदाधिकारी बदलकर केरल तक सीमित कर दिया।



चन्द्रमोहन भगत

जबकि इन्हीं मल्लिकार्जुन खड़गे के आव्हान के बाद राहुल का समर्थन की संगठन का पुनरुत्थान करें, चाहे किसी पर भी कडी कार्यवाही करना पडे तो करें। कांग्रेस को युवा और ऊर्जावान बनाएं। बात संगठन की राष्ट्रीय बैठक में होने के बाद मुहिम राज्यों तक सीमित कर दी हो, ऐसा भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। बिहार और केरल को छोड़कर, क्योंकि इन राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है। कांग्रेस संगठन की विशेषता सदा यही तो है जिसे विपक्ष के राजनेता चिन्हित कर चुके हैं। जैसे पहले मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ को टारगेट किया था। फिर लोकसभा चुनाव और फिर महाराष्ट्र, हरियाणा विधानसभा के नतीजे! सभी के सामने हैं कि कांग्रेस के नेताओं का जोश और मेहनत जो सार्वजनिक नजर आ रहा था। नतीजे में कहीं नजर नहीं आया था। अब फिर से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रहते पुरानी स्टाइल की तैयारी केरल और बिहार में क्या गुल खिलाएगी, सामने आ जाएगा।

ताजा बयान भी कांग्रेस की इसी विशेष अदा का इज़हार है? जबकि बाहर से सभी दलों की राजनीतिक गतिविधियों पर बारीक नजर रखने वालों को यह समझ नहीं आ पा रहा है कि केंद्रीय कार्य समिति का आह्वान की राष्ट्रीय स्तर पर बदलाव किए जाएंगे में प्रदेश प्रभारी के अलावा प्रदेशों के जिलों के पदाधिकारी को भी युवा शक्ति से लैस किया जाना था! ठहर सा गया है। जब जिला चुनाव प्रभारियो ने दौरा किया था, तब लगा था कि दो-तीन माह में ही सभी नए पदाधिकारी की घोषणा हो जाएगी। पर प्रक्रिया में आए ठहराव ने कार्यकर्ताओं को तो चिंता में डाल ही दिया है, पारखियों को लग रहा है कि जब कांग्रेस के घर बैठे कार्यकर्ताओं में जोश आ गया था। सब सड़कों पर भी आने लगे थे, फिर इस मुहिम में ठहराव क्यों आ गया है! इस तरह का वातावरण नेतृत्व की अपरिपक्वता जाहिर कर रहा है और कार्यकर्ता खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। मंदसौर के मीनाक्षी नटराजन के स्वागत कार्यक्रम को ही देखें, अधिकांश जिला पदाधिकारी की अनुपस्थिति इसी ठहराव के असर को सार्वजनिक कर गया है।

# किसानों को अब पांच रुपये में मिलेगा बिजली का स्थाई कनेक्शन-मुख्यमंत्री

## तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे, किसानों द्वारा सौर उर्जा से उत्पादित बिजली नगद खरीदी जाएगी

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में भी आत्म-निर्भर बनाएगी। अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराकर, किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी। प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक अंचल से आए किसानों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कृषकों ने साफा, गज माला, शॉल-श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह के रूप में बैलगाड़ी एवं हल की प्रतिकृति भेंट कर अभिनंदन किया। कृषकों की ओर से होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने समस्त अतिथिगण को स्मृति चिन्ह के रूप में राम दरबार भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव किसानों के साथ है और उनके हित में निरंतर कार्य कर रही है। हम 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद रहे हैं, इसमें 175 रुपये बोनस राशि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003-04 में प्रदेश में गेहूँ खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपए था जो राज्य सरकार ने बढ़ा कर 2 हजार 600 प्रति क्विंटल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार वर्ष 2024 के लिये धान उपार्जन पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पंप के माध्यम से किसानों को स्थाई कनेक्शन भी दिए जाएंगे। हाल ही में अस्थाई कनेक्शन वाले डेढ़ लाख किसानों को स्थाई कनेक्शन दिलवाए गए हैं और इसकी राशि भी कम की गई है। तीन हॉर्स पॉवर वालों को सोलर पंप की 5% राशि, 5 से 7.50 हॉर्स पॉवर के लिए 10% राशि देना होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार का किसानों के प्रति प्रेम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर गरीब, जरूरतमंद के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की है। दो लाख करोड़ रुपए के व्यय से 100 करोड़ से अधिक लोगों को वर्ष 2028 तक अन्न देने की व्यवस्था की गई है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रत्येक गरीब का जीवन बेहतर बनाने के भाव का प्रकटीकरण और राम राज्य की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री मोदी किसानों को उनका हक दिला रहे हैं। यह हमारी सरकार की उदात्त भावना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मध्यप्रदेश अपनी अलग पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टेक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपये का बोनस दिया जाएगा। कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। गेहूँ और धान पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के समान ही दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गौ-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये का अनुदान देकर गौ-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा। गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गौ-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे। वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुसार वैश्विक स्तर पर उपलब्ध श्रेष्ठतम बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत एक लाख करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना और 70 हजार करोड़ से चंबल-कालीसिंध-पार्वती लिंक परियोजना का क्रियान्वयन जारी है। इसी के साथ ही महाराष्ट्र के सहयोग से ताप्ती नदी पर तीसरी नदी जोड़ो परियोजना आरंभ होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सर्वाधिक महत्व कृषकों को दिया है। कृषक अन्नदाता ही नहीं, अपितु जीवन दाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण भारत के विकास को गति प्रदान की। महात्मा गांधी कहते थे कि भारत को समझना है तो गांव को समझना होगा। भारत में विकास को गति देने के लिए किसानों के जीवन को समृद्ध और सशक्त बनाना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए ही किसान, गरीब, महिला और युवा पर ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर आभार व्यक्त करने के लिए किसानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेती की व्यवस्था बेहतर करने, नवीन तकनीक अपनाने, शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने और अपने बच्चों का भविष्य बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास करने का किसानों को संकल्प दिलाया। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि किसान भारतीय अर्थ व्यवस्था की बैकबोन हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में किसानों को मिल रही सुविधाओं से राज्य पुन: कृषि में देश में सिरमौर बनेगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूँ और धान के बारे में घोषणा कर किसानों की मेहनत को सम्मान दिया है। खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव आभार व्यक्त करने का निर्णय सराहनीय है। इस ऐतिहासिक फैसले से किसान परिवारों में प्रसन्नता का संचार हुआ। किसान मोर्चा के अध्यक्ष तथा सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसान हित में लिए गए निर्णयों के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से आभार माना। मुख्यमंत्री निवास में किसान आभार सम्मेलन के अवसर पर ऊर्जा, उद्यानिकी, खाद्य नागरिक आपूर्ति, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, नगर निगम भोपाल अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया मजदूर, मौत


## व्यापारी की तीसरी मंजिल पर टाइल्स लगा रहा था, परिजन ने किया प्रदर्शन

**नीमच, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस। नवीन कृषि उपज मंडी चंगेरा में सोमवार दोपहर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। बताया गया कि मृतक मनोज यादव उम्र 37 वर्ष निवासी बघाना मंडी व्यापारी राकेश भारद्वाज के गोदाम की तीसरी मंजिल पर टाइल्स लगाने का काम कर रहा था।**

काम के दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से उसका पैर झुलस गया और वह बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के ईएमटी स्टाफ राहुल पाटीदार और पायलट अशोक मालवीय ने घायल मजदूर को बड़े अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समाज के लोग और पीड़ित परिवार के सदस्य बड़े अस्पताल पहुंचे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। यादव महासभा नीमच के अध्यक्ष मनीष यादव ने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

### समाजजनों ने किया प्रदर्शन...

इस मामले में आर्थिक सहायता और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने नीमच पुलिस कप्तान के ऑफिस के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर सीएसपी अभिषेक रंजन, नीमच कैंट थाना प्रभारी पुष्पा चौहान, तहसीलदार संजय मालवीय सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और पीड़ित परिवार से बातचीत कर उनकी मांगों का निराकरण करने का भरोसा दिया। जिसके बाद परिजन एंबुलेंस में शव लेकर घर के लिए रवाना हुए।



# 31 किलो डोडाचूरा तस्करी करते बाइक सवार गिरफ्तार, 2 फरार आरोपियों की तलाश जारी

**पिपलियामंडी, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** बिना नम्बर की बाइक पर डोडाचूरा तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं दो फरार है। मुखबिर की सूचना पर मल्हारगढ़ पुलिस ने लसुड़िया कदमाला-अरनिया देव कच्चे रास्ते पर नाकाबन्दी कर बिना नम्बर की बाइक पर दो कट्टे रस्सी से बांधकर जा रहे व्यक्ति को रोका, तलाशी लेने पर दोनों कट्टों में भरा 31 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान गोर्धनलाल (50) किशनलाल पाटीदार होना बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। डोडाचूरा व बाइक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त डोडाचूरा लसुड़िया कदमाला निवासी रामचन्द्र पिता मन्नालाल मेघवाल से लेकर अरनिया देव निवासी पंकज पिता देवकिशन मालवीय को देने जा रहा था। पुलिस ने रामचन्द्र व पंकज को भी एनडीपीएस एक्ट में आरोपी बनाया है, फिलहाल दोनों फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार ने बताया गिरफ्तार आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में पेश किया गया, जिसे जेल भेजने के आदेश दिए है।

# कम्प्युटराईज्ड एकांउटिंग ट्रेनिंग 15 से प्रारंभ

**नीमच, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास ,चीताखेडा मेन रोड नीमच द्वारा 15 मार्च 2025 से कम्युक टराईज्डा एकांउटिंग ट्रेनिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ होने जा रहा है। जिसके रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके है एवं मोबाईल न. 9111053516 पर भी संपर्क कर सकते है। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल की युवक, युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं कम से कम 10ींह पास हो। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण में आवास, भोजन व नाश्ते की व्य वस्थाम नि:शुल्क रहेगी। प्रशिक्षण के दौरान इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों के लोन के फार्म भी प्रशिक्षण केंद्र पर ही भरे जाएंगे। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियां एवं समस्याओं का समाधान भी इस प्रशिक्षण के दौरान किया जायेगा।

प्रशिक्षणार्थी 4 पासपोर्ट साईज फोटो,एवं 3 सेट में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, अंकसूची की छायाप्रति के साथ आवेदन भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हवाई पट्टी के सामने, विश्राम भवन के पास ,चीताखेडा मेन रोड नीमच में जमा करा सकते है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठावे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मो.न. 9111053516, 9074201015, 9479441178, 7898187819 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बघाना क्षेत्र के भूखंड धारकों के ई केवाईसी के लिए धनेरिया रोड पर आज शिविर

**नीमच, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय ने बताया कि धनेरियाकलां स्थित कालोनियों, श्री शक्तिनगर, श्री शक्तिनगर विस्तार फेस 1 व 2, फेस-3, फेस-4, फेस-5, फेस-6 व द्वारिकापुरी, द्वारिकापुरी विस्तार कालोनी, गोकुलधाम, गोकुलधाम विस्तार, गायत्री नगर, गोपी कॉलोनी, रिटायर्ड कॉलोनी, गणपति नगर, विजयसिंह अहीर कॉलोनी, अमर कॉलोनी, राम अवतार कालोनी, गुमाश्ता नगर में निवासरत भूखण्ड धारकों, की आधार से खसरा लिंक करने की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत ई केवाईसी के लिए विशेष शिविर आज 4 मार्च2025 मंगलवार को धनेरियाकला रोड़ पर (गोकुलधाम विस्तार कॉलोनी में) प्रात: 11:30 बजे से शाम 3:30 बजे तक किया जावेगा।

तहसीलदारश्री संजय मालवीय ने उक्त कॉलोनियों में निवासरत सभी भूखण्ड धारकों से आग्रह किया है कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उक्त शिविर में भूमि संबंधी दस्तावेज / खसरा नकल, आधार व आधार से लिंक मोबाईल साथ लेकर उक्त शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेंवे। उक्त दस्तावेजों के साथ केम्प में उपस्थित होकर एघधउ करवाये। उक्त कार्य पूर्णत: नि:शुल्क एवं अनिवार्य है। शिविर में पटवारी व नायब तहसीलदार नीमच नगर भी उपस्थित रहेंगें।

# होली के त्यौहार पर केमिकल युक्त रंगों का उपयोग वर्जित हो, प्रशासन उठाये पुख्ता कदम

## स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में कलेक्टर को ज्ञापन देने का लिया निर्णय

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच जिला मंदसौर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी दिवस में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से आगामी दिवस के प्रमुख त्योहार होलिका के अवसर पर केमिकल युक्त रंगों को प्रतिबंधित करने हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने हेतु चर्चा की गई एवं सभी केमिकल युक्त रंगों को प्रतिबंधित करने का आह्वान जाएगा।




बैठक में बताया कि होली के लिए रासायनिक रंगों का उपयोग होने लगा है जो खतरनाक हो सकता है। रासायनिक रंगों में सीसा, पारा, क्रोमियम और अमोनिया जैसे हानिकारक रसायन होते हैं। ये रसायन त्वचा में जलन, एलर्जी और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। साथ ही इन केमिकल युक्त रंग से आँखों में जलन, सांस लेने में समस्या भी देखी जाती है। इसलिये प्रशासन इस और कठोर कदम उठाने चाहिए तथा दुकानदारों को भी ऐसे कलर बेचने से बचना चाहिए। मंच ने सभी से आव्हान किया कि होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, फूलों से होली खेले। जिससे यह त्यौहार सभी के लिये खुशियों भरा रहे। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग संयोजक पंडित दिलीप व्यास, विभाग सहसंयोजक अंकुश पालीवाल, जिला विचार प्रमुख राजेश चौहान, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, अंकित कोठारी, शुक्ला कोचिंग क्लासेस संचालक राजेश शुक्ला, धर्मेंद्र रामावत, दिलीप चौधरी, डॉ हेमंत नामदेव, रजत जैन, वीरेंद्र आर्य, देवेंद्र भारती, जितेंद्र पाटीदार, उदित जैन, भरत ओझा, सतीश बैरागी, रविंद्र सिंह जादौन, शुभम दुबे, महेंद्र सिंह राजावत, नितेश माली, किशन पांडे, घनश्याम वर्मा, गोविंद सिंह सिसोदिया, राहुल चास्टा, अनमोल वाधवा, भूपेंद्र कच्छारा, अखिलेश सोनी, दुर्गेश टेलर, प्रभुलाल प्रजापत सहित अनेक स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 7 को

## युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रांरभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया और अन्य जानकारियां दी जाएंगी

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 07 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे से शासकीय पी. जी. कॉलेज परिसर, सुवासरा जिला मदंसौर में युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। बेरोजगार युवा रोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा आवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रांरभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया को लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

# सीईओ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की पीएम इंटर्नशीप योजना की समीक्षा

## रोजगार मूलक प्रशिक्षण के लिए शासन से मिलेंगे 5000 प्रतिमाह

**नीमच, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव द्वारा सोमवार को जिले के महाविद्यालयों, पोलिटेकनिक एवं आईटीआई के प्राचार्यों के साथ ऑनलाईन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम इंटर्नशिप योजना की समीक्षा की गई। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश भी सभी शिक्षण संस्थानों को दिए गए।

भारत शासन की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (PMIS) अंतर्गत 5 साल में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसर में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल का अनुभव मिलेगा। इंटर्नशिप हेतु उम्मीदवारों के लिए पात्रता मापदंड निम्नलिखित है। आयु 21 से 24 वर्ष (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक) ऐसे युवा जो पूर्ण कालिक रोजगार में नहीं है और जो पूर्ण कालिक शिक्षा में नहीं लगे हुए हैं जिन अभ्यर्थियों ने दसवीं या बारहवीं या आईटीआई या पॉलीटेक्निक पास या बीए, बीएससी, बीकॉम, बीफार्मा आदि ग्रेजुएट की डिग्री पास की है वे इस योजना में पात्र हैं। 023-24 में परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम होना चाहिए। परिवार को भी सदस्य सरकारी कर्मचारी नहीं होना चाहिए। इंटर्नशिप के दौरान इंटर्न को मासिक सहायता के रूप में 12 महीने की अवधि के लिए 5000 की मासिक सहायता डीबीटी के माध्यम से दी जावेगी एवं कार्यभार ग्रहण करने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक इंटर्न को आकस्मिक व्यय के लिए 6000 का एकमुश्त अनुदान वितरित किया जाएगा। इंटर्नशिप के आवेदन करने हेतु https://pminternship.mca.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेंगे।

# जिला स्तरीय रविदास जयंती आय व्यय ब्यौरा पेश

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला संगठन सचिव राधेश्याम सिनम ने बताया कि, 2 मार्च 2025 को जिला स्तरीय रविदास जयंती के आय व्यय की बैठक रविदास मांगलिक भवन टोकड़ा रोड सुवासरा पर जिला अध्यक्ष राधेश्याम जी गौरवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें रविदास जन्मोत्सव समिति द्वारा आय व्यय ब्यौरा पेश किया गया। इस अवसर पर के.एल.रैदास सेवानिवृत्त प्राचार्य, घनश्याम सिंघानिया प्रदेश प्रवक्ता ,नंदलाल रायकुंवर संभाग अध्यक्ष ,रामलाल बड़गोती जिला उपाध्यक्ष ,शोभाराम सूर्यवंशी जिला परामर्शदाता ,रामचंद्र डांगी जिला परामर्शदाता ,शिवलाल जी श्रीमाल संभाग महासचिव ,डॉ रामप्रसाद बामनिया सरपंच साहब ,राधेश्याम सिनम जिला सचिव , रवि परमार जिला कोषाध्य क्ष , रविकुमार सूर्यवंशी पूर्व संभाग अध्यक्ष ,भंवरलाल बरड किशोरपुरा ,कारूलाल सूर्यवंशी युवा जिला अध्यक्ष वृत 1 ,मुकेश सुर्यवंशी युवा जिला अध्यक्ष वृत 2 ,तूफान बामनिया शामगढ तहसील अध्यक्ष ,शंभूलाल सूर्यवंशी खजूरी गौड़ सीतामऊतहसील कोषाध्यक्ष ,रमेश सूर्यवंशी पूर्व सुवासरा तहसील अध्यक्ष ,रामलाल सूर्यवंशी सरपंच ,मुकेश सूर्यवंशी धामनिया, गुमान कछावा, भगवानलाल कासरोटिया, दशरथ बग़ानिया सुवासरा तहसील युवा अध्यक्ष, इंद्रलाल सुर्यवंशी सुवासरा तहसील सचिव ,गुमान सूर्यवंशी जमुनिया ,देवीलाल सूर्यवंशी जमुनिया ,अमरलाल किशोरपुरा , आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन राजू जी सूर्यवंशी मंत्री सुवासरा तहसील अध्यक्ष ने किया आभार मुकेश जी सूर्यवंशी जन्मोत्सव प्रभारी ने माना।

# प्रभावशाली रिज्यूम खोलता है सफल प्रस्तुतिकरण के व्दार

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा रिज्यूम बिल्डिंग (रिज्यूम कैसे बनाए) पर एक ऑनलाइन सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह ने शब्द सुमन द्वारा अतिथि का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को रिज्यूम की महत्वता समझाइ।

उन्होंने स्वयं के रिज्यूम को स्क्रीन पर उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया एवं एक-एक बिंदु को विस्तार से समझाया। उन्होंने बायोडाटा, रिज्यूम और सीवी के बीच अंतर स्पष्ट किया। कई रिज्यूमे उदाहरण के तौर पर स्क्रीन पर प्रस्तुत किए। रिज्यूमे निर्माण की प्रक्रिया को क्रमबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, कैनवा, लिंक्डइन , नौकरी डॉट कॉम, उडमी, कोर्सरा, और चौट जीपीटी आदि वेबसाइट्स के उपयोग के साथ कौशल विकास एवं जॉब के अवसरों के बारे में भी बताया आज की यह ऑनलाइन गतिविधि सभी विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी गतिविधि रही, जहां पर एक संभाषण के साथ-साथ परिणाम तक पहुंचने की उत्सुकता साफ देखी जा सकती है। सेशन के अंत में सुश्री झाला ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा का भी समाधान किया। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे सर ने सभी विद्यार्थियों को इस ऑनलाइन सेशन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। साथ ही स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठकी जिला नोडल अधिकारी एवं व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रम की संयोजिका वीणा सिंह ने विद्यार्थियों को रिज्यूम को किस प्रकार से तकनीकी सहायता से माइक्रोसॉफ्ट टेंप्लेट सहायता से बनाया जा सकता है इस बारे में जानकारी दी एवं व्यक्तित्व के सही प्रस्तुतीकरण से सफलता को रास्ता कैसे तय किया जा सकता है यह बताया। लगभग 110 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की। अंत में अंग्रेजी विभाग की ओर से डॉ. द्युति मिश्रा ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों व प्राध्यापकों और मुख्य वक्ता सुश्री सोनल झाला को आभार व्यक्त किया।



# पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

**मंदसौर, 03 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राषणकी विभाग द्वारा विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे प्रभारी प्राचार्य एस.पी. पॅवार ने वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता व जैव विविधता संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं डॉ.आर.डी. गुप्ता ने वन्य जीव संरक्षण पर प्रका झ डाला। विद्यार्थियों ने रचनात्मक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की रणनीतियां जलवायु परिवर्तन व इसका जैव विविधता पर प्रभाव आदि के महत्व को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्षित किया विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सोंनगरा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया इस अवसर पर वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रेरणा मित्रा, प्रो.तौसिफ नागौरी, प्रो. सिद्धार्थ बरोडा एवं महाविद्यालय के वरिष्ठप्राध्यापकों ने वन्य जीव संरक्षण हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।


**राजकुमार गुप्ता, एड्‌व्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 120/2025 दिनांक 03.03.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रसालाबाई पति उंकारलाल, जाति-प्रजापति, निवासी ग्राम रीछा, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान सर्वे क्रमांक 144, भूखंड नं. 189, पटवारी हल्का नं. 014 पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-रीछा, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR1784 2025A100124130, दिनांक 28.02.2025 से मेरे पक्षकार राकेश पिता उंकारलाल, जाति-प्रजापति, निवासी ग्राम रीछा, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मल्हारगढ़ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है:-

पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-नाला, उत्तर में-किशनलाल मीणा का मकान, दक्षिण में-श्यामलाल नायक का मकान, पैमाईश रकबा 1614 वर्ग फीट व 150 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



**राजकुमार गुप्ता, एड्‌व्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 121/2025 दिनांक 03.03.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा महेश कुमार पिता बगदीराम, जाति-सुथार, निवासी ग्राम अफजलपुर, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान सर्वे क्रमांक 1008 (बी), भूखंड नं. 688 (पी), पटवारी हल्का नं. 00115 पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-अफजलपुर, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. MP15IGR17852025100128729, दि. 03.03.2025 से मेरे पक्षकार पुष्पाबाई पति महेश कुमार, जाति-सुथार, निवासी ग्राम अफजलपुर, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-बगदीराम का मकान, पश्चिम में-राजेश शर्मा का मकान, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-दिलीप शर्मा का मकान, पैमाईश रकबा 94 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



**राजकुमार गुप्ता, एड्‌व्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 119/2025 दिनांक 03.03.2025

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा रमेशचन्द्र पिता धोकरलाल जी, जाति-चमार, निवासी ग्राम देवरी, तहसील सीतामऊ, जिला-मन्दसौर से आवासीय आबादी मकान क्रमांक 106, आबादी खसरा नं. 43. पटवारी हल्का नं. 40 पर दर्ज होकर, पता-ग्राम-देवरी, तहसील सीतामऊ, जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग: विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. एमपी 249412021ए1917051, दिनांक 29.10.2021 से मेरे पक्षकार पुरीबाई पति रमेशचन्द्र जी, जाति-चमार, निवासी ग्राम देवरी, तहसील-सीतामऊ, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊमें करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-बालुराम जी भील का मकान, पश्चिम में-हेमराज जी का भूखंड, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-आम रास्ता, पैमाईश रकबा 2400 वर्ग फीट व 222.96 वर्ग मीटर

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in